70 लाख के नकली ब्राण्डेड कपड़े जब्तः नामी कंपनियों के टैग लगाकर बेचते थे

जयपुर-जयपुर की मुरलीपुरा थाना पुलिस ने ब्रांडेड कंपनियों के नाम से नकली कपड़ों के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर एक मकान के बेसमेंट से करीब 70 लाख रुपए की कीमत के नकली कपड़े जब्त किए हैं। इन कपड़ों पर ब्रांडेड कंपनियों के नाम लिखे हुए थे

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि इस संबंध में कंपनी प्रतिनिधि गोविंद सिंह कसाना और मोहित बजाज ने शिकायत दी थी। सूचना के बाद मुरलीपुरा पुलिस ने थानाधिकारी सुनील जांगिड़ के नेतृत्व में कृष्णा विहार में बने एक मकान के बेसमेंट में दबिश दी थी। यहां कई नामी ब्रांडेड कंपनियों के टैग लगे नकली कपड़ों को बाजार में बेचने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस ने मौके से आरोपी हिमांशु खत्री को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी हिमांशु यह नकली कपड़े पंजाब, दिल्ली और गुजरात से खरीदकर लाता था और यहां कंपनी के बताकर सस्ते में बेच देता था। कंपनी प्रतिनिधियों के अनुसार जब्त किए गए माल की कीमत करीब 70 लाख रुपए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी।

बाजार में असली दाम पर बिक रहा था नकली माल आरोपी हिमांशु ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह इस माल को शहर में कई नामी दुकानों पर बेचा करता था। हिमांशु से मिली जानकारी के बाद पुलिस अब उन दुकान मालिकों को भी आरोपी बनाएगी, जो हिमांशु से नकली माल खरीदते थे और जानकारी होने के बाद नकली माल को असली बताकर लोगों के साथ ठगी करते थे।

Source: https://palisirohionline.in/jaipur-nkli-branded-kapde/